# दक्षता आधारित कार्य-पत्रक

विषय: हिन्दी कक्षा : छठी

| | | | |
|---|---|---|---|
| **पाठ/प्रकरण का नाम :** | **नादान दोस्त (प्रेमचंद)** | **समयावधि :** | 40 मिनट |
| **विद्यार्थी का नाम :** | --------------------------------- | **पूर्णांक :** | 20 |
| **अनुक्रमांक (रोल नं.) :** | .............. | **दिनांक :** | ....../....../........ |

**निर्देश:-** **1. सभी प्रश्न अनिवार्य है| 2. कार्य-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही उत्तर लिखें|**
**3. लेखन कार्य की स्पष्टता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखें|**

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**प्र. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प को चुनकर लिखिए |**

केशव के घर में कार्निस के ऊपर एक चिड़िया ने अण्डे दिए थे। केशव और उसकी बहन श्यामा 1
दोनों बड़े ध्यान से चिड़ियों को वहां आते-जाते देखा करते । सवेरे दोनों आंखें मलते कार्निस के सामने पहूँच जाते और चिड़ा या चिड़िया दोनों को वहां बैठा पाते। उनको देखने में दोनों बच्चों को न मालूम क्या मजा मिलता, दूध और जलेबी की भी सुध न रहती थी। दोनों के दिल में तरह-तरह के सवाल उठते। अण्डे कितने बड़े होंगे ? किस रंग के होंगे ? कितने होंगे? क्या खाते होंगे? उनमें बच्चे किस तरह निकल आयेंगे? बच्चों के पर कैसे निकलेंगे ? घोंसला कैसा है? लेकिन इन बातों का जवाब देने वाला कोई नहीं। न अम्मां को घर के काम-धंधों से फ़ुर्सत थी न बाबूजी को पढ़ने-लिखने से। दोनों बच्चे आपस ही में सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली दे लिया करते थे।

**1 केशव और श्यामा दोनों सवेरे उठकर क्या करते थे ?**

(क) दोनों आंखें मलते कार्निस के सामने आते थे।
(ख) दोनों बच्चे आपस में ही सवाल-जवाब करते थे
(ग) केवल क विकल्प सही है ।
(घ) क और ख दोनों विकल्प सही है ।

**2. श्यामा और केशव को नाश्ते में क्या मिलता था?** 1

(क) फल (ख) दूध
(ग) जलेबी (घ) ख और घ दोनों विकल्प सही है ।

**3. दोनों के दिल में तरह-तरह के सवाल उठते ।** 1

(क) अंडे कितने बड़े होंगे? (ख) किस रंग के होंगे?
(ग) क्या खाते होंगे? (घ) सभी विकल्प सही है।

**4. कहानी के आधार से कौनसा वाक्य सही नहीं है ?** 1

(क) बाबूजी को पढ़ने-लिखने से फुर्सत थी
(ख) केशव के घर में कार्निस के ऊपर एक चिड़िया ने अंडे दिए थे।
(ग) सवेरे दोनों आंखे मलते हुए बगीचे के सामने पहुंच जाते।
(घ) क और ग दोनों विकल्प विकल्प सही हैं ।

5. 'न अम्मां को .........के.............से फुर्सत थी।' खाली जगह में सही शब्दों के जोड़े को लिखिए। 1

(क) खेलने, पढ़ने

(ख) काम-धंधे, खानें

(ग) घर, काम-धंधे

(घ) काम-धंधे, घर

**(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**6. नीचे दिए गए मुहावरों में से कौन-सा जोड़ा सही है?** 1

(क) आँखें चुराना - भाग जाना

(ख) आँखें डबडबाना -सामने न आना

(ग) भीगी बिल्ली होना - डर से दबना

(घ) धाक जमाना - आंख बचाना

**7. संज्ञा व सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते है। निम्नलिखित में से विशेषण शब्द को पहचानिए।** 1

(क) वह केशव के साथ थी।

(ख) श्यामा ने अंडे नही देखें।

(ग) वे उनके लिए दाना-पानी लाए।

(घ) भूरे अंडे होगें या सफ़ेद

**8. श्यामा माँ से बोली, 'मैंने आपकी बात सुन ली है।' श्यामा के लिए यह पर कौनसा सर्वनाम शब्द आया है?** 1

(क) आपकी (ख) उनकी (ग) मैंने (घ) इनमे से कोई नहीं

**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

**9. केशव और श्यामा ने चिड़िया के अंडों की रक्षा की या नादानी? आप के अनुसार उन्होनें क्या किया?** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------

**10. अंडों के बारे में केशव और श्यामा के मन में किस तरह के सवाल उठते थे ? उनकी जगह आप होते तो आपके मन में क्या सवाल आते ? लिखिए।** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------

**11. तीनों अंडे टूटे पड़े थे | उन्हें देखकर उस समय केशव के मन में क्या विचार आए होंगे ? अपने शब्दों में लिखो।** 2

उत्तर:- --------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------

**12. केशव और श्यामा की जगह आप होते तो अंडो की सुरक्षा के लिए क्या-क्या उपाय करते ? लिखिए|** 2

उत्तर:- --------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------

**(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)**

**13. चित्र को देखकर मोर पक्षी के बारे में दस वाक्य लिखिए।** 4



उत्तर:- --------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------

egyanarchive

# उत्तरमाला

| प्रश्न | दक्षता/उद्देश्य | उत्तर | |
|---|---|---|---|
| | | **(बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| 1. | पाठ ज्ञानाधारित | **उत्तर:- (घ)** क व ख दोनों | 1 |
| 2. | पाठ ज्ञानाधारित | **उत्तर:- (ग)** ख और घ | 1 |
| 3. | विचारात्मक | **उत्तर:- (घ)** सभी विकल्प सही है। | 1 |
| 4. | खोजपरक आधारित | **उत्तर:- (घ)** केवल क व ग | 1 |
| 5. | खोजपरक आधारित | **उत्तर:- (ग)** घर, काम-धंधे | 1 |
| | | **(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| 6. | ज्ञानात्मक | **उत्तर:- (ग)** भीगी बिल्ली होना - डर से दबना | 1 |
| 7. | ज्ञानात्मक | **उत्तर:- (घ)** भूरे अंडे होगें या सफ़ेद | 1 |
| 8. | | **उत्तर:- (ग)** मैंने | 1 |
| | | **(वर्णनात्मक प्रश्न)** | |
| 9. | विचारत्मक सृजनात्मक | **उत्तर:- छात्र अंडो की रक्षा करने के उपायों पर विचार करेंगे।** | 2 |
| 10. | विचारात्मक | **उत्तर:- छात्र के मन में क्यों, क्या, कैसे हुआ जैसे प्रश्न पैदा होंगे और उत्तर लिखेंगे।** | 2 |
| 11. | भावात्मक अभिव्यक्ति आधारित | **उत्तर:- छात्र केशव को दोषी मान कर उसके साथ हुई घटना का वर्णन करेंगे।** | 2 |
| 12. | खोज आधारित | **उत्तर:- छात्र अंडों को बचाने के नए तरीके के बारे में लिखेंगे।** | 2 |
| | | **(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)** | |
| 13. | पूर्व ज्ञान आधारित प्रश्न | **उत्तर:- छात्र मोर पक्षी के विभिन्न अंगों के वर्णन करेंगे।** | 4 |
| | | | |

edyanarchive